# आयुक्त कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग

## –: अनापत्ति प्रमाण–पत्र :–

राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प सं0–5/स0भू0, लातेहार–1/2010 1817/रा0 राँची दिनांक 30.04.2015 द्वारा झारखण्ड राज्यान्तर्गत विभिन्न सरकारी विभागो/कम्पंनियों/प्रतिष्ठानों/उद्यमों/एजेन्सियों/निगम/बोर्ड द्वारा एक परियोजना के अन्तर्गत गैरमजरूआ Deemed Forest भूमि (जंगल–झाड़ी), जंगल–सखुआ, जंगल इत्यादि के वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत अपयोजन से संबंधित मार्गदर्शिका निर्गत किया गया है।

विभागीय पत्रांक 4908, दिनांक 17.12.2019 के आलोक में गैरमजरूआ डीम्ड फॉरेसट (जंगल–झाड़ी, जंगल–सखुआ, जंगल इत्यादि) भूमि के अपयोजन हेतु NOC/FRA उक्त भूमि का 80 प्रतिशत राशि सरकारी कोषागार में अधियाची निकाय द्वारा जमा कराने के पश्चात् ही निर्गत करने तथा शत्–प्रतिशत राशि प्राप्त करने के पश्चात् सक्षम प्राधिकार द्वारा अनुमति के उपरांत भूमि Release करने की कार्रवाई करने, साथ ही सी0सी0एल0 से यह Undertaking लिया जाय कि वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से Forest Clearance मिलने के बाद भी उनके द्वारा किसी प्रकार का खनन कार्य तबतक नहीं किया जायेगा जबतक कि राज्य सरकार के द्वारा मांग की गई शत्–प्रतिशत् राशि जमा नहीं की जाती है, का निदेश है।

गैरमजरूआ Deemed Forest भूमि (जंगल–झाड़ी), जंगल–सखुआ, जंगल इत्यादि जो जिला–बोकारो, अंचल–गोमिया के अन्तर्गत प्रस्तावित है, का महाप्रबंधक, कोतरे बसंतपुर एवं पचमों को परियोजना, सी0सी0एल0, रांची के पक्ष में नई ओपन कास्ट प्रोजेक्ट हेतु सैद्धान्तिक रूप में अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने की अनुशंसा उपायुक्त, बोकारो के पत्रांक 891/रा0, दिनांक 27.03.2021 द्वारा किया गया है तथा उल्लेख किया गया है कि सरकार के संयुक्त सचिव, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 4908/रा0, दिनांक 17.12.2019 के आलोक में कोतरे बसंतपुर कोल परियोजना द्वारा प्रस्तावित भूमि का विभागीय संकल्प सं0 48/रा0, दिनांक 03.01.2017 के आधार पर की गई गणना कुल राशि 856934100.00 (पचासी करोड़ उन्हत्तर लाख चौंतीस हजार एक सौ) रू0 मात्र है, जिसका 80 प्रतिशत राशि 685543280.00 (अरसठ करोड़ पंचपन लाख तैंतालिस हजार दो सौ अस्सी) रू0 मात्र होता है। सरकार के संयुक्त सचिव, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, रांची का पत्रांक 3272(5)/रा0, दिनांक 12.11.2020 के द्वारा संसूचित है कि सी0सी0एल0 द्वारा गैरमजरूआ जंगल–झाड़ी भूमि का NOC/FRA निर्गत करने के निमित्त 350 करोड़ रू0 अग्रिम के रूप में जमा की गई है। उक्त के आलोक में उनके द्वारा अधियाचित जिलावार GMJJ Land यथा–लातेहार, चतरा, बोकारो में कुल 723.77 हेक्टेयर (1788.44 एकड़) भूमि जिसमें बोकारो जिलान्तर्गत 156.62 हेक्टेयर (387.00 एकड़) भूमि के विरूद्ध 3515363194.15 (तीन सौ इकावन करोड़ तिरेपन लाख तिरेसठ हजार एक सौ चौरानबे रू 15 पैसे) मात्र विभागीय शीर्ष में ई–चालान के माध्यम से NOC हेतु जमा किया गया है एवं इस कार्यालय के पत्रांक 736/रा0, दिनांक 15.03.2021 के द्वारा अंचल अधिकारी, गोमिया को 298 व्यक्तियों पर BLR Act 1950 की धारा 4(h) के तहत् कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है।

महाप्रबंधक, कोतरे बसंतपुर पचमों कोल परियोजना, सी0सी0एल0, रांची के पत्रांक G.M. (KBP/New Project) 2021/661 दिनांक 24.3.2021 द्वारा Undertaking दिया गया है कि Forest Clearance मिलने के बाद भी C.C.L. द्वारा किसी प्रकार का खनन् कार्य तबतक नहीं किया जाएगा जबतक की राज्य सरकार के द्वारा मांग की गई शत प्रतिशत राशि जमा नहीं की जाएगी।

उपरोक्त के आलोक में गैरमजरूआ Deemed Forest भूमि (जंगल–झाड़ी), जंगल–सखुआ, जंगल इत्यादि जो जिला–बोकारो, अंचल–गोमिया के अन्तर्गत निम्नांकित भूमि का महाप्रबंधक, कोतरे बसंतपुर एवं पचमों को परियोजना, सी0सी0एल0, रांची के पक्ष में नई ओपन कास्ट प्रोजेक्ट हेतु सैद्धान्तिक रूप में अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत किया जाता है–

| क्र0 | अंचल | मौजा | थाना न0 | खाता नं0 | प्लॉट नं0 | कुल रकवा (एकड़ में) | किस्म भूमि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गोमिया | हुरदाग | 28 | 01 | 1(p) | 0.00 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 2 | गोमिया | हुरदाग | 28 | 01 | 2(p) | 9.45 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |

राजीब हुई / RAJIB HUI
परियोजना पदाधिकारी / PROJECT OFFICER
कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना
Kotre Basantpur Pachmo Coal Mine
सी0सी0एल0, राँची C.C.L., Ranchi

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | गोमिया | हुरदाग | 28 | 01 | 3 | 19.90 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 4 | गोमिया | हुरदाग | 28 | 01 | 4 | 22.23 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 5 | गोमिया | हुरदाग | 28 | 01 | 5 | 38.95 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 6 | गोमिया | हुरदाग | 28 | 01 | 7(p) | 59.50 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 7 | गोमिया | हुरदाग | 28 | 01 | 8 | 36.40 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| | | | | | Total :- | 186.43 | |
| 8 | गोमिया | पचमो | 27 | 02 | 7(p) | 17.33 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 9 | गोमिया | पचमो | 27 | 02 | 8(p) | 4.25 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 10 | गोमिया | पचमो | 27 | 02 | 9 | 25.58 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 11 | गोमिया | पचमो | 27 | 02 | 10 | 17.13 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 12 | गोमिया | पचमो | 27 | 02 | 333(p) | 15.87 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 13 | गोमिया | पचमो | 27 | 02 | 352(p) | 24.20 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 14 | गोमिया | पचमो | 27 | 02 | 424 | 5.82 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 15 | गोमिया | पचमो | 27 | 02 | 447 | 4.80 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 16 | गोमिया | पचमो | 27 | 02 | 495 | 0.27 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 17 | गोमिया | पचमो | 27 | 02 | 955 | 3.86 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 18 | गोमिया | पचमो | 27 | 02 | 964(p) | 1.35 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| | | | | | Total :- | 120.46 | |
| 19 | गोमिया | बघरैया | 30 | 01 | 8(p) | 1.80 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 20 | गोमिया | बघरैया | 30 | 01 | 11(p) | 17.67 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 21 | गोमिया | बघरैया | 30 | 01 | 27 | 0.26 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 22 | गोमिया | बघरैया | 30 | 01 | 57 | 0.04 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 23 | गोमिया | बघरैया | 30 | 01 | 65 | 0.08 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 24 | गोमिया | बघरैया | 30 | 01 | 70 | 0.13 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 25 | गोमिया | बघरैया | 30 | 01 | 72 | 22.51 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 26 | गोमिया | बघरैया | 30 | 01 | 81(p) | 17.10 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 27 | गोमिया | बघरैया | 30 | 01 | 95 | 0.06 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 28 | गोमिया | बघरैया | 30 | 01 | 149 | 4.31 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 29 | गोमिया | बघरैया | 30 | 01 | 150(p) | 6.41 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 30 | गोमिया | बघरैया | 30 | 01 | 151(p) | 7.24 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| | | | | | Total :- | 77.61 | |
| 31 | गोमिया | पुरनापानी | 25 | 01 | 108(p) | 0.00 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 32 | गोमिया | पुरनापानी | 25 | 01 | 109(p) | 0.00 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 33 | गोमिया | पुरनापानी | 25 | 01 | 112(p) | 0.00 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| 34 | | | Total :- | | | 0.00 | |
| 35 | गोमिया | रहावन | 29 | 02 | 49 | 2.50 | गैरमजरूआ जंगल झाड़ी |
| | | | Total :- | | | 387.00 Acr | 156.62 Hec |

कुल रकवा 387.00 एकड़ (156.62 हेक्टेयर) में सन्निहित है तथा अधिसूचित वन भूमि तथा संरक्षित वन भूमि एवं अन्य वन (Deemed Forest) भूमि से बाहर है, के अपयोजन हेतु माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार से पूर्वानुमति प्राप्त कर ली जाय। पूर्वानुमति प्राप्त होने के पश्चात इसके विधिवत हस्तान्तरण हेतु प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा गैरमजरूआ भूमि के हस्तान्तरण के प्रस्ताव की प्रक्रिया की तरह प्रस्ताव समर्पित किया जाएगा। गैरमजरूआ जंगल झाड़ी (Deemed Forest) भूमि के सशुल्क हस्तान्तरण/लीज बंदोबस्ती हेतु राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, रांची द्वारा राज्यादेश निर्गत किया जाएगा।

राजीव हुई / RAJIB HUI
परियोजना पदाधिकारी / PROJECT OFFICER
कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना
Kotre Basantpur Pachmo Coal Mine
सी०सी०एल०, राँची / C.C.L., Ranchi

16.7.21
आयुक्त

ज्ञापांक – 860...... / रा0, हजारीबाग, दिनांक 22.07./2021

प्रतिलिपि :– महाप्रबंधक, कोतरे बसंतपुर एवं पचमों परियोजना, सी0सी0एल0, रांची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेशित।

प्रतिलिपि :– उपायुक्त, बोकारो को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि संकल्प सं0–5 / स0भू0,लातेहार–1 / 2010 1817 / रा0, राँची दिनांक 30.04.2015 में दिये गये निदेश के आलोक में Website के लिंक ( Website के नाम सहित) एवं अद्यतन किये गये अपलोड संबंधी प्रतिवेदन से विभाग को अवगत कराते हुए इसकी प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध कराई जाय।

प्रतिलिपि :– सरकार के अपर मुख्य सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेशित।

16.7.21

आयुक्त

उ0छो0प्र0, हजारीबाग।

OFFICER
परियोजना
Coal Mine
Ranchi